मेडिकल छात्र की आत्महत्या पर एमबीबीएस स्टूडेंट्स ने कॉलेज में धरना दिया

कोटा, (निसं)। मेडिकल कॉलेज कोटा में एमबीबीएस कर रहे जयपुर जिले की बस्सी के एक मेडिकल स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद आक्रोशित मेडिकल छात्रों ने कॉलेज परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया। छात्रों का कहना था कि छात्र सुनील बैरवा को जबरन फेल किया गया था। एग्जाम में बैठने नहीं दिया जा रहा था। इसी के चलते वह अवसाद में था और उसने यह कदम उठाया है।

छात्र के पिता कजोड़ लाल ने भी ऐसी ही शिकायत की है। ऐसे में दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। छात्रों ने प्रिंसिपल डॉ. संगीता सक्सेना का घेराव कर लिया और धरने पर बैठ गए। इधर, परिजन शव का पोस्टमार्टम करवाकर ले गए हैं। छात्रों के घेराव को देखते हुए एडिशनल एसपी दिलीप सैनी बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को समझाने की कोशिश की। स्टूडेंट का कहना था कि चीटिंग करने के मामले में राजस्थान यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस ने उसे डेढ़ साल के लिए निलंबित कर दिया था। उसका निलंबन पूरा हो गया था। इसके बाद वह एग्जाम करवाने की बात के लिए फैकल्टी के पास गया था लेकिन उसकी बात सुनी नहीं जा रही थी। इसके बाद ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। उन्होंने फैकल्टी पर मनमर्जी करने का आरोप लगाया। स्टूडेंट्स का आरोप था कि यह कॉलेज में मनमर्जी हो रही है। स्टूडेंट्स को फेल कर दिया जाता है या फिर उन्हें एग्जाम में बैठने ही नहीं दिया जाता। इस मनमानी पर एक्शन होना चाहिए। उन्होंने परिवार को आर्थिक मदद देने की भी मांग की। विरोध कर रहे छात्रों का कहना था जिला कलेक्टर के निर्देशन में कमेटी बननी चाहिए जो सारे आरोपों की निष्पक्षता से जांच करे। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के निर्देशन में जांच कमेटी नहीं होनी चाहिए। ये लोग निष्पक्षता से जांच नहीं कर सकेंगे। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना ने इस घटना को दुखद बताया है।

उन्होंने बताया कि छात्रों ने फैकल्टी के नाम दिए है जिन पर छात्रों को तंग करने का आरोप है। इसमें फिजियोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन सहित कई विभागों के चिकित्सक शामिल हैं। प्रिंसिपल का कहना था कि यदि छात्रों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है तो वे सभी फैकल्टी को बुलाकर बात करेंगी। उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा। साथ ही पूरे मामले पर पांच सदस्य कमेटी गठित की गई है। इसमें दो मेडिकल स्टूडेंट शामिल करना चाहते है हालांकि बच्चों ने अभी तक नाम नहीं दिए हैं।



कोटा में एमबीबीएस स्टूडेंट के धरने पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर संगीता सक्सेना उनसे वार्ता करने के लिए पहुंची।

पीतामपुरा को नलकूप और पाइपलाइन की सौगात

कोटा, (निसं)। सांगोद विधानसभा क्षेत्र में जनता को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत 6 करोड़ रूपये की बड़ी सौगात मिली है।

ऊर्जा मंत्री के विशेषाधिकारी (निजी) राजेन्द्र नागर ने बताया कि भाजपा सरकार ने गौरव पथ कि तर्ज पर बजट घोषणा में अटल पथ निर्माण करने की घोषणा की है। जिसके अन्तर्गत सांगोद विधानसभा के कनवास, बपावर एवं दीगोद को शामिल किया है। नागर ने बताया कि अटल पथ योजना के अन्तर्गत तीनों बड़े कस्बों में 1.5 किलोमीटर के सीसी पेवमेन्ट सड़क निर्माण होगा।

इस योजना में कनवास में कॉलेज के रास्ते पर बपावर में खानपुर की ओर अन्दर बस स्टेण्ड होते हुए बारां बाईपास की ओर जोड़ा जाएगा। इसी तरह दीगोद में सुल्तानपुर की ओर दीगोद तालाब के रास्ते से गांव के अन्दर होते हुए दीगोद मेन रोड तक सीसी पेवमेन्ट सड़कों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पीतामपुरा में पेयजल के लिए दो नग 3 फेज नलकूप एवं पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी स्वीकृत हुआ है।

मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

छबड़ा (निसं)। दिगंबर जैन समाज द्वारा गुरुवार को मंदिर पर जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चन्दाप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मन्दिर में अभिषेक शांतिधारा के बाद निर्वाण लाडू चढाया एवं नित्य नियम पूजा अर्चना की।

मंगलवार को समाज ने 19वें तीर्थकर भगवान मल्लीनाथ का मोक्ष कल्याण महोत्सव धूमधाम से मनाया था। समाज अध्यक्ष प्रकाशचंद लुहाडिया एवं महिला मंडल अध्यक्ष डोली जैन के अनुसार गुरुवार को समाज द्वारा जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चन्दाप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया।

इस अवसर सुबह मंदिर पर भगवान की अभिषेक शांति धारा की गई तथा निर्वाण कांड पढ़कर निर्वाण लाडू चढ़ाया तथा महाआरती की गई। इसके बाद देव शास्त्र गुरु आदीनाथ भगवान महावीर स्वामी चन्दाप्रभु भगवान सहित अन्य भगवान की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर आयोजित सभी धार्मिक कार्यक्रमों में बडी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे। वही, मंगलवार को समाज ने 19वें तीर्थकर भगवान मल्लीनाथ का मोक्ष कल्याण उत्साह से मनाया। इस अवसर पर अभिषेक शांति धारा कर भगवान मल्लीनाथ सहित अन्य भगवान की पूजा अर्चना की गई।

कार्यालय नगर परिषद बून्दी

क्रमांकः—5126 | **सार्वजनिक सूचना** | दिनांकः— 05.03.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 26213 दिनांक 12.04.2019 एवं श्रीमान सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी के पत्र क्रमांक जि.वि.से.प्रा./2024/666 दिनांक 04.03.2025 द्वारा भारी मात्रा में अपशिष्ट उत्पादक एवं विवाह स्थलों द्वारा बाहर खुले में कचरा डालने एवं कचरे को जलाने पर राशि 3000/— रूपये का प्रतिदिन (नियम ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन नियम 2016) नियमों का उल्लघंन करने पर वसूला जावेगा।

राज.संवाद/सी/24/12705 | **आयुक्त**

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-1913 | **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** | दिनांकः-6.3.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखंड/आवास संख्या 804 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 23.04.2010 को श्री त्रिलोक चंद नागर पुत्र श्री नंदलाल नागर को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री सूरजमल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.03.2024 को श्री रामपाल मीणा पुत्र श्री धन्नालाल मीणा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 804 योजना "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तांतरण श्री रामपाल मीणा पुत्र श्री धन्नालाल मीणा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांकः-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3672 | **विज्ञप्ति** | दिनांकः-6.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाड़ी में स्थित कृषि भूमि योजना कमला उद्यान विस्तार भूखंड संख्या 60 खसरा नं. 339 आवेदक/आवेदिका श्री दीपक हसराजानी एवं सूरज हसराजानी पुत्रान् श्री विशनदास निवासी 60 कमला उद्यान विस्तार ग्राम कुन्हाड़ी कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 6608 दिनांक 09.10.2009 को श्रीमती तारा देवी पत्नी श्री विशनदास के पक्ष में जारी किया गया था। तारा देवी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 14.02.2021 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पति विशनदास, पुत्र दीपक हसराजानी, सूरज हसराजानी, पुत्री वृन्दा जैसिंग, ममता छाबडिया, पल्लवी विजय छाबडिया है। वारिसान विशनदास, वृन्दा जैसिंग, ममता छाबडिया, पल्लवी विजय छाबडिया जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 16.02.2025 को आवेदकों के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री दीपक हसराजानी एवं सूरज हसराजानी पुत्रान् श्री विशनदास के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी। **उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण**

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांकः-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/18495 | दिनांक: 6.3.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शादमा पत्नी श्री हैदर अली एवं श्रीमती नाजिया पत्नी श्री मोहम्मद मुस्तफा निवासी-मुसाफिरखाना मदार चिल्ला मस्जिद के पास घण्टाघर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 8-मोटर रिपेयर वर्कशॉप कोटा क्षेत्रफल 3600 वर्गफुट का नाम हस्तांतरण कराने हेतु नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवंटन श्री बद्रीलाल पुत्र श्री भवानी बक्स ने राजस्थान के श्रीमान गर्वनर साहब से पब्लिक ऑक्शन में क्रय किया है। श्री बद्रीलाल पुत्र श्री भवानी बक्स ने उक्त मूल भूखंड का उत्तरी हिस्सा क्षेत्रफल 30x120=3600 वर्गफुट जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.11.1966 से श्री तिलक राज पुत्र श्री रुपचन्द एवं श्री गुलशन राय पुत्र श्री भोजा राम को विक्रय कर दिया। श्री तिलक राज पुत्र श्री रुपचन्द एवं श्री गुलशन राय पुत्र श्री भोजा राम के द्वारा दिनांक 17.09.2016 को श्री हैदरअली पुत्र श्री नजर मोहम्मद एवं श्री मोहम्मद मुस्तफा पुत्र श्री नजर मोहम्मद इकरारनामे से की गया। श्री हैदरअली पुत्र श्री नजर मोहम्मद एवं श्री मोहम्मद मुस्तफा पुत्र श्री नजर मोहम्मद के द्वारा दिनांक 05.08.2022 जर्ये रजिस्टर्ड दान पत्र श्रीमती शादमा पत्नी श्री हैदरअली एवं श्रीमती नाजिया पत्नी श्री मोहम्मद मुस्तफा के नाम निष्पादित किया गया। श्रीमती शादमा पत्नी श्री हैदरअली एवं श्रीमती नाजिया पत्नी श्री मोहम्मद मुस्तफा के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। **उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण**

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4679 | **जाहिर आम सूचना** | दिनांक - 4.3.25

आवास संख्या 4-ब-50 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अब्दुल मोहिद खान पुत्र श्री अब्दुल शकूर खान को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती राम प्यारी बाई पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल के नाम दिनांक 05.09.1994 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती राम प्यारी बाई पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा दिनांक 09.12.1994 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती राम प्यारी बाई पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 02.06.2016 को हो चुकी है। श्रीमती राम प्यारी बाई पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 30.09.2012 को श्री जय कुमार जैन पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण के पक्ष में आलेखित की गई। श्री जय कुमार जैन पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-ब-50 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री जय कुमार जैन पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री जय कुमार जैन पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री जय कुमार जैन पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

सार-समाचार

न्यायालय की भूमि को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय से गुहार

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में प्रस्तावित दो न्यायालय एडीजे व एसीजेएम के नये भवन वर्तमान परिसर में ही बनवाने की मांग को लेकर वकीलों ने राजस्थान उच्च न्यायालय में गुहार लगाई है। परिषद के सचिव प्रदीप अहीर ने बताया कि रामगंजमंडी में दो न्यायालय भवन का निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिए वर्तमान परिसर में खाली पड़ी भूमि की पैमाइश हो चुकी है, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया नक्शा राजस्थान उच्च न्यायालय से अनुमोदित है। वहीं जिला कलेक्टर कोटा द्वारा भूमि का कब्जा संभलाने के आदेश हो चुके हैं किन्तु उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा द्वारा उक्त भूमि न्यायालय भवन निर्माण के लिए देने में आनाकानी की जा रही है तथा आठ किमी दूर निमाणा में भूमि आवंटित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जहां आवागमन का कोई साधन नहीं है व दो स्थानों पर न्यायालय संचालित होना व्यावहारिक भी नहीं है। जिसके कारण अभिभाषक परिषद द्वारा 24 फरवरी 2025 से ही उपखण्ड अधिकारी का बहिष्कार किया जा रहा है। दोनों न्यायालय भवन वर्तमान परिसर में ही बनवाने के सम्बन्ध में अभिभाषक परिषद रामगंजमंडी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष चन्दन गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को रजिस्ट्रार बालकृष्ण गोयल, कोटा ज़ोन के संरक्षक न्यायाधिपति महेन्द्र गोयल, रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा से मिला तथा उन्हें अब तक की प्रक्रिया एवं उपखण्ड अधिकारी नीता वसीटा द्वारा की जा रही हठधर्मिता से अवगत कराया। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा तुरंत जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोटा को जिला कलक्टर कोटा से वार्ता कर उचित कार्यवाही कर उन्हें अवगत कराने के लिए कहा। अध्यक्ष चन्दन गुप्ता ने रामगंजमंडी में महिला उत्पीडन के प्रकरणों, बाल श्रम उन्मूलन के प्रकरणों का क्षेत्राधिकार दिये जाने एवं चेक अनादरण के विशिष्ट न्यायालय की स्थापना की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सचिव रोहित पाटीदार सुनील खण्डेलवाल जीवन गंगवाल व अंकित शर्मा शामिल थे।

कवि सम्मेलन का आयोजन

कोटा, (निसं)। मंडल में राजभाषा विभाग कवि सम्मेलन का आयोजन 7 मार्च को मेनाल रेल अधिकारी क्लब कोटा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर के दिग्गज हिन्दी कवि आमंत्रित किए गए है। इस कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षयता मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक आर के प्रजापत सहित मंडल के सभी रेल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगें। कवि सम्मेलन का आयोजन राजभाषा विभाग द्वारा किया जा रहा है। अखिल भारतीय स्तर के कवि जगदीश सोलंकी, दुर्गादान सिंह गौड़, कुँवर जावेद, सुरेन्द्र यादवेन्द्र, बाबू बंजारा, रामनारायण हलधर एवं मुस्कान खान कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। हिन्दी भाषा के प्रति लगाव रखने वाले सभी रेल कर्मचारी इस कवि सम्मेलन के आयोजन से प्रफुल्लित है।

श्री श्याम फागुन महोत्सव कल

कोटा, (निसं)। श्री श्याम शरण संघ तथा अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी संस्था की ओर से 8 मार्च को गीता भवन में श्री श्याम फागुन महोत्सव फागुन के रंग श्याम के संग आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक शंकर अग्रवाल और जगदीश अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें जयपुर से भजन गायिका रितिका अग्रवाल तथा कनिका अग्रवाल भजन सरिता बहाएंगी। साथ ही, आकाश मलकानी और सुनील सांवरा भी बांके बिहारी और श्याम बाबा को भजनों से रिझाएंगे।

पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय शराष्ट्रीय युवा संसद 2025 विकसित भारतश हेतु प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत नोडल महाविद्यालय राजकीय महाविद्यालय कोटा से प्राप्त प्रचार-प्रसार सामग्री एवं पोस्टर का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रोशन भारती एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. शालिनी भारती एवं प्रो. सविता वर्मा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ. कल्पना श्रृंगी, डॉ. चंचल गर्ग, डॉ. रसीला एवं स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओ के द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रोशन भारती के द्वारा यह बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को विकसित भारत एवं जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम 2025 की पूर्ण जानकारी दी गई। जिसके तहत समस्त स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं को 1 मिनट का वीडियो विकसित भारत विषय पर बनाकर माय भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर उस पर अपलोड करना होगा। वीडियो अपलोड करने की अंतिम तिथि 9 मार्च है।

सीएनजी पेट्रोल पम्प के पीछे झाड़ियों में लगी भीषण आग

- समय रहते पाया काबू, बड़ा हादसा टला
- फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक स्क्रेब में लगी आग

कोटा, (निसं)। शहर में गुरूवार को दो अलग-अलग स्थानों पर भीषण आगजनी की घटना हुई। गनीमत रही कि दोनों जगह अगिनश्मन विभाग की दमकलों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। सीएनजी पेट्रोल पम्प के पीछे खाली पड़े प्लॉट में झाडियों में लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार गुरूवार शाम को औद्योगिक क्षेत्र रोड नम्बर 5 के समीप सीएनजी पेट्रोल पम्प के पीछे खाली पड़े प्लॉट की झाडियों में अचानक से आग लग गई। आग लगने से मौके पर हडकंप मच गया, क्योंकि जिस जगह आग लगी थी उस प्लॉट की दीवार के पास एचपी का पेट्रोल पम्प था। पेट्रोल पम्प के समीप झाडियो में आग की सूचना मिलते ही अगिनश्मन विभाग की करीब 7-8 दमकले मौके पर पहुंची। अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि रोड नम्बर 5 पर स्थित सीएनजी पेट्रोल पम्प के पीछे झाडियों में आग की सूचना मिली। जिस पर 7-8 दमकलों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि झाडियो में से आग की लपटें दिख रही थी चारों तरह दमकलें लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और आग की लपटो को आगे बढ़ने से रोक लिया गया। वही झाडियों में आग की सूचना मिलते ही अनंतपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि समय पर आग पर काबू पा लिया गया, पम्प पर पेट्रोल डीजल के अलावा 4 जीएनजी के पम्प थे।

वही अनंतपुरा इलाके के रोड नम्बर 5 पर स्थित फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक के स्क्रेब में गुरूवार तडके 5 बजे करीब अचानक से आग लग गई, और कबाड में लगी आग ने थोडी ही देर में भीषण रूप लें लिया। रोड नम्बर 5 पर स्थित फैक्ट्री में आग लगने की सूचना पाकर नगर निगम की दमकलें मौके पर पहुंची और 6 दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वही आग की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगर निगम अग्निश्मन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि रोड नम्बर 5 पर स्थित फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक के स्क्रेब में आग लगने की सूचना मिली, जिस पर 6 दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि करीब 2 से 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्टया से आग लगने का कारण शॉट सर्किट सामने आया है आग से कोई जनहानि नही हुई लेकिन जब तक आग पर आबू पाया गया तब तक काफी कबाड जलकर खाक हो गया।

मजदूरों का कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना

कोटा, (निसं)। जे. के. फैक्ट्री के मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर धरना 17 वें दिन भी जारी रहा सीटू जिला अध्यक्ष राकेश गालव ने बताया कि 27 वर्ष से बन्द जे के फैक्ट्री को लीज पर लेने वाले अराफ़ात ने फैक्ट्री के 4200 मजदूरों का बकाया भुगतान चुकाने ओर फैक्ट्री को चालू कर बन्द फैक्ट्री से बैरोजगार हुए मजदूरों के तहत फैक्ट्री को सरकार से लीज पर लिया था लेकिन अराफ़ात द्वारा लीज कि किसी भी शर्त को पूरा नहीं किया बल्कि फैक्ट्री कि मशीनों को चोरी छिपे निकालने का काम किया जिसपर फैक्ट्री कि मशीनों कि चोरी का केस बनता है लेकिन मजदूरों कि लम्बी लड़ाई के बावजूद व चोरी के पुख्ता सबूत होने पर भी उद्योग नगर थाना द्वारा अराफ़ात के खिलाफ एफ आई आर दर्ज नहीं कि है बल्कि अराफ़ात को बचाने का काम किया है सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सरकार द्वारावर्ष 2014 मे बनाई कमेटी ओर सरकार भी मजदूरों के बकाये वेतन को लेकर गंभीर नहीं है इसी के फ्लस्वरूप आज जे. के. फैक्ट्री के मजदूरों को सरकार से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू कराने ओर बकाया वेतन भुगतान पीड़ित जे. के. मजदूरों को सरकार के जिम्मे कराने कि मांग को लेकर कोटा जिला कलेक्ट्रेट पर अनिश्चित काल के लिए धरने पर बैठने को सरकार ने ओर जिला प्रशासन ने मजबूर किया किया उन्होंने बताया कि अब मजदूर आरपार कि लड़ाई लड़ने को तैयार है 18 फरवरी से चल रहे धरने को स्पोर्ट करने वाले हितैषी लोग ओर कोटा कि आमजनता जे के फैक्ट्री के मजदूरों के धरने पर लगातार बढ़ते जा रहे है।

एलन के 143 स्टूडेंट्स ओसीएससी कैम्प के लिए चयनित

कोटा, (निसं)। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम देने के लिए देश में विख्यात एलन कॅरियर इंस्टिट्यूट प्राइवेट लिमिटेड इंटरनेशनल लेवल पर होने वाले ओलम्पियाड में भी श्रेष्ठता साबित कर रहा है। एलन के स्टूडेंट्स लगातार हर ओलम्पियाड में छाप छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में सत्र 2025 के लिए ऑफिशियल इंटरनेशनल साइंस ओलम्पियाड के द्वितीय व ऑफिशियल इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड के तीसरे चरण की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद परिणाम एचबीसीएसई द्वारा जारी किए गए। ऑफिशियल इंटरनेशनल इन्फॉर्मेटिक्स के द्वितीय चरण के परीक्षा संपन्न होने के बाद परिणाम आईएआरसीएस द्वारा जारी किए गए। एलन कॅरियर इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों के इंडियन नेशनल ओलंपियाड के बाद एलन के 143 विद्यार्थियों का चयन ओसीएससी कैम्प के लिए हुआ है।

पूरे देश से कुल 333 विद्यार्थियों का चयन ओसीएससी कैम्प के लिए हुआ है, जिसमें से 143 विद्यार्थी एलन से है। इनमें फिजिक्स के लिए 12, केमेस्ट्री के लिए 16, बॉयलोजी के लिए 14, एस्ट्रोनोमी के लिए 25, जूनियर साइंस के लिए 30, मैथ्स के लिए 26, जूनियर एस्ट्रोनॉमी के लिए 18, इन्फोर्मेटिक्स के लिए दो, विद्यार्थियों का चयन एलन से हुआ।

महिला दिवस पर कोटा को मिलेगा महिला व बच्चों को समर्पित नारी केयर वुमन्स हॉस्पिटल

- हाड़ौती संभाग का पहला फाईव स्टार मैटरनिटी हॉस्पिटल होगा
- महिलाओं और बच्चों को मिलेगी मैट्रो सिटी की तर्ज पर अत्याधुनिक इलाज की सुविधाएं
- फेमिना मिस इंडिया-2023 नंदिनी गुप्ता करेंगी भव्य शुभारंभ

कोटा, (निसं)। शिक्षानगरी कोटा में अब मैट्रो सिटी की तर्ज पर महिलाओं व बच्चों को बेहतर व अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मुहैया होने जा रही है। इसी कड़ी में आगामी 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोटा में रंगबाड़ी रोड पर नारी केयर वुमन्स हॉस्पिटल का शुभारंभ होने जा रहा है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. आरपी रावत, डॉ. अमरीश पाटोदी, डॉ. अतुल विजय एवं डॉ. लोकेश रावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हाड़ौती के पहले फाईव स्टार सुविधाओं और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस इस नवीन अस्पताल में महिलाओं व बच्चों को विश्वस्तरीय बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। जहां मातृत्व से लेकर नवजात शिशुओं तक की सभी सेवाओं को उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षित माहौल मिलेगा।

उन्होंने बताया कि अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फेमिना मिस इंडिया 2023 नंदिनी गुप्ता होंगी। जो नारी सशक्तिकरण और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी इस अनूठी पहल का समर्थन करने के लिए विशेष रूप से इस समारोह में उपस्थित रहेंगी। अस्पताल के निदेशक डॉ. आरपी रावत, डॉ. अमरीश पाटोदी, डॉ. अतुल विजय एवं डॉ. लोकेश रावत ने बताया कि अस्पताल में हाड़ौती के कुशल, प्रशिक्षित व अनुभवी महिला रोग एवं नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञों की पूरे सप्ताह 24 घंटे सेवाएं मिलेंगी। अस्पताल की प्रतिष्ठित टीम नारी केयर हॉस्पिटल को कोटा-हाड़ौती क्षेत्र के लिए एक हेल्थकेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्राकृतिक प्रसव और सी-सेक्शन, प्रसव के बाद विशेष देखभाल और मॉनिटरिंग, माँ और शिशु की बेहतरीन देखभाल के लिए अत्याधुनिक मैटरनिटी एंड डिलीवरी सुईट्स की सुविधाएं मिलेंगी। इसी के साथ उन्नत स्त्री रोग सेवाए जिसमें मासिक धर्म संबंधी समस्याओं और हार्मोनल असंतुलन का उपचार, उन्नत फर्टिलिटी ट्रीटमेंट जिसमें आईवीएफ, आईयूआई, सरोगेसी, अंडाणु-शुक्राणु दान व बांझपन के अत्याधुनिक उपचार और परामर्श सेवाएं मुहैया होगी।

नवजात शिशु के लिए बेहतर उपचार की सुविधाओं में समय से पहले जन्मे या कमजोर नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल व नवजात संक्रमण और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उन्नत उपचार सुविधाएं मुहैया होंगी।

कोटा में खुलने वाले नारी केयर वुमन्स हॉस्पिटल के विषय पर निदेशक चिकित्सकों ने जानकारी दी।

छात्राओं को साइकिलें बांटी

छबड़ा (निसं)। पचपाड़ा उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9वीं की बालिकाओं को नि:शुल्क साईकिल वितरित की गई। साईकिलें पाकर बालिकाओं के चेहरे खुशी से झूम उठे। कक्षा अध्यापक हेमराज बैरवा ने बताया कि राजस्थान सरकार की यह योजना दूर-दराज से से आने वाली बालिकाओं के लिए मिल का पत्थर साबित हुई है। नि:शुल्क साइकिल, प्रतिभावान छात्राओं के लिए स्कूटी, टैबलेट आदि वितरण से ग्रामीणों के मन में बालिकाओं को अधिक से अधिक पढने की भी भावनाएं जागृत होती है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम SATINDER SINGH से बदलकर नया नाम STYENDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सत्येन्द्र सिंह पुत्र कपूर सिंह नयागांव पोस्ट हिंगोनिया बून्दी

खोया-पाया

मेरे मकान नम्बर 193 कम्पटीशन कोलोनी महावीर नगर विस्तार कोटा के मूल दस्तावेजों में (1) मूल आवंटन पत्र कम पजेशन पत्र नं. 107 दि. 25.8.1989 (2) अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2761 दि. 17.6.2002 (3) कार्यालय आदेश क्रमांक 740 दिनांक 29.4.2003 रास्ते में कही गिर गए है जिसे मिले निम्न पते पर सूचित करें।

पता-केशव सिंह, म.नं. 193 कम्पटीशन कोलोनी म.न. विस्तार कोटा, मो.नं. 9799769433

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः-LU2012/KOT/2024-25/100912 | **लोक सूचना** | दिनांकः-06.03.2025

श्री HAMID पुत्र श्री MOHAMMAD जाति MUSALMAN निवासी MANDIR KE PASS, KALATALAB, KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	रंग तालाब उर्फ काला तालाब लाडपुरा (कोटा)	HAMID S/O MOHAMMAD JATI MUSALMAN	699/525	8000	0.8
				कुल	0.8

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.03.2025 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

कार्यालय वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक, रीको, इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, कोटा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या जी1-407 (ए), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा, क्षेत्रफल 1180 व.मी. का हस्तान्तरण रीको कार्यालय आदेश दिनांक 16.08.2001 द्वारा **मैसर्स मैसर्स अरविन्द स्पाईसेज, प्रो. श्री प्रेमचन्द विजय** के पक्ष में किया गया तथा लीजडीड का निष्पादन दिनांक 28.01.2003 को करवाया गया। उक्त भूखण्ड के प्रोपराईटर **श्री प्रेमचन्द विजय** थे, जिनका देहान्त दिनांक 04.02.2023 को हो चुका है तथा उनके वारिसान **श्री राजेन्द्र विजय, श्री कमल विजय, श्री अरविन्द विजय, श्री सुरेन्द्र विजय** द्वारा **श्रीमती सुशीला विजय पत्नी श्री प्रेमचन्द विजय** के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 01.10.2024, मृत्यु प्रमाण पत्र, पार्षद वार्ड 57, नगर निगम - उत्तर द्वारा जारी प्रमाण पत्र दिनांक 10.01.2025 व कार्यालय तहसीलदार लाडपुरा, जिला कोटा द्वारा दिनांक 15.01.2025 को जारी वारिसान जांच रिपोर्ट, शपथ पत्र दस्तावेज प्रेषित कर इस भूखण्ड संख्या जी1-407 (ए), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स **श्रीमती सुशीला विजय पत्नी श्री प्रेमचन्द विजय, निवासी- 83, सब्जी बाजार, नयापुरा, कोटा** द्वारा स्वयं के पक्ष में हस्तान्तरण करने हेतु निवेदन किया गया है।

इस भूखण्ड संख्या जी1-407 (ए), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के लीजहोल्ड राईट्स पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 01.10.2024, मृत्यु प्रमाण पत्र, पार्षद वार्ड 57, नगर निगम - उत्तर द्वारा जारी प्रमाण पत्र दिनांक 10.01.2025 व कार्यालय तहसीलदार लाडपुरा, जिला कोटा द्वारा दिनांक 15.01.2025 को जारी वारिसान जांच रिपोर्ट, शपथ पत्र के आधार पर **श्रीमती सुशीला विजय पत्नी श्री प्रेमचन्द विजय** के पक्ष में हस्तान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल मे लाये जाने के पूर्व इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी व्यक्ति / फर्म अथवा सरकारी / अर्द्ध सरकारी संस्थान अथवा वित्तीय संस्थान को भूखण्ड संख्या जी1-407 (ए), औ.क्षे. इन्द्रप्रस्थ, कोटा के हस्तान्तरण के सम्बंध में किसी प्रकार की यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के साथ व्यक्तिश: उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। कृपया विदित रहे कि दी गई मियाद निकलने के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी शिकायत / आपत्ति पर कोई गौर नही फरमाया जायेगा और नियमानुसार प्राप्त उपरोक्त अंकित आवेदन पत्र / दस्तावेजों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। **वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक, रीको, कोटा**